जिले में कल से शुरू होगी स्वस्थ भारत यात्रा

भारत सरकार के स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर...

Dainik Bhaskar

Dec 12, 2018, 03:45 AM IST

भारत सरकार के स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा पालनपुर होती हुई 13 दिसंबर को आबूरोड पहुंचेगी। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर आम जनता को समर्पित यह जागरूकता साइकिल यात्रा स्वस्थ एवं संतुलित भोजन के प्रति जागरूक करेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह यात्रा राजस्थान में तीन ट्रैक द्वारा प्रवेश करेगी। सिरोही में 13 दिसंबर को ट्रैक-2 द्वारा यात्रा का आगमन होगा। यहां आबूरोड ब्लॉक में 25 साइकिल सवारों के यात्रा-दल का स्वागत किया जाएगा। अगले दिन 14 दिसंबर को सवेरे प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनसीसी, नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र के छात्र, स्काउट एंड गाइड के छात्र, एएनएम और आशा सहयोगिनी हिस्सा लेंगी। प्रभात फेरी आबूरोड शहर में निर्धारित स्थलों पर होती हुई स्वस्थ आहार, सुरक्षित आहार और संतुलित व्यायाम को जीवन में अपनाने का संदेश देगी।

दी जाएगी जानकारी : स्वस्थ भारत यात्रा के दौरान स्लाइड शो, मोंटाज और फिल्म के माध्यम से ईटिंग हेल्दी, ईटिंग सेल्फ ईटिंग, फोर्टीफाईडए नो फूड वेस्ट, साइक्लिंग और ब्रिस्क वोकिंग जैसी आदतों को जीवन में शामिल किए जाने की बात कही जाएगी। इस मौके साइकिल यात्रा दल के सदस्य अपने अनुभवों को जनता के समक्ष रखेंगे।

पिंडवाड़ा के लिए 15 को होगी रवाना : 15 दिसंबर को सवेरे झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा दल को पिंडवाड़ा ब्लॉक के लिए रवाना कर दिया जाएगा। इसी दिन पिंडवाड़ा में उनका स्वागत किया जाएगा और अगले दोनों दिन प्रभात फेरी, चिकित्सा शिविर समेत स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। आगामी 17 दिसंबर को सवेरे स्वस्थ भारत यात्रा के साइकिल यात्रा दल को आगामी यात्रा के लिए ध्वज दिखाकर विदा किया जाएगा।

प्रभात फेरी के समापन पर होगा शिविर का आयोजन

प्रभात फेरी के समापन स्थल पर चिकित्सा विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इस मौके स्वास्थ्य जागरूकता के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके समापन स्थल से ही उपस्थित जन-समुदाय को स्वस्थ भारत यात्रा के विषय में जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा।